53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 25.4°c | अधिकतम 39.4°c

**अमृतवाणी**

जिन्दगी में सफल बनने के लिए हारना जरूरी है, हारकर सफल होने के लिए फिर कोशिश करना जरूर है।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

पाकिस्तान जहाँ भी खड़ा होता है, वहीं से मांगने वालों की लाइन शुरू हो जाती है : राजनाथ सिंह



सूर्योदय - 5:26, सूर्यास्त - 7:05 | वर्ष : 53/ अंक : 134 | शुक्रवार, 16 मई 2025 | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

दे दे... दे दे...अल्लाह के नाम पे दे दे... इंटरनेशनल फकीर आए हैं......


# कमजोर हाथों में होगी सत्ता की कमान तो यूं ही होगा हर चौराहे पर भाजपा नेताओं का अपमान

**मुजफ्फरनगर, 15 मई (बु.)।** 10-15 वर्ष सत्ता पर काबिज होने के बाद भी मुजफ्फरनगर जिले को कोई ऐसा नेता नहीं मिल पाया, जिसमें सत्ता का हो न हो खुद का भी कोई दम हो। जब खुद का दम नहीं होता, तो सत्ता में होकर भी नेता कमजोर ही साबित होते हैं। यह कमजोर किस कारण आती है, यह सभी को ज्ञात है। आंख दिखाकर वही नेता बात कर सकते हैं, जिनका अपना कुछ वजूद होता हो और जो अधिकारियों की हां में हां मिलाए, वह कभी नेता नहीं हुआ करते। लगभग दस वर्ष तक मुजफ्फररनगर में कभी ट्रिपल इंजन, कभी डबल इंजन की सरकार रही, मगर कोई नेता ऐसा तक नहीं उभर पाया जो आमजन तो छोड़ो अपने कार्यकर्ताओं का वजूद ही कायम रख सके। गुरूवार की रात खाकी ने सारी हदें पार करते हुए बिना किसी सत्ता, बिना किसी नेता के खौफ के भाजपा के अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष के परिवार के सामने ही इज्जत उतार डाली। दरअसल ये नेता कोई छोटे-मोटे नेता नहीं बल्कि भाजपा के अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष अजय सागर हैं जो अपने निवास रामलीला टिल्ला से अपने परिवार के साथ किसी काम से जा रहे थे, तभी खाकी ने इन्हें भरे चौराहे पर कुछ इस तरह से घेरा जैसे कि कोई असमाजिक तत्व को घेरता है।

चारों ओर से घिरे अजय सागर को चैकिंग के लिए कहा गया तो अजय सागर ने बताया कि वे भाजपा के अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष हैं और कम से कम खाकी इस बात की तो परवाह कर ले कि मेरा चार साल का बेटा और पत्नी मेरे साथ है। इसके बावजूद भी आप मुझे अपमानित कर रहे हैं। इस पर वहां मौजूद रामलीला चौकी के सब इंस्पेक्टर जय शर्मा व सिपाही निशान्त उन्हें हैलमेट लगाने का ज्ञान बांटने लगे। चूंकि इंस्पेक्टर साहब को अपनी खाज निकालनी थी, इसलिए उन्होंने यह ज्ञान बांटा। ज्ञान सुनते समय अजय सागर ने सब इंस्पेक्टर को कहा कि इतनी सारी पब्लिक बिना हैलमेट के जा रही है, तो उन्हें ही क्यों निशाना बनाया गया है ? इस पर दोनों के बीच गहमा-गहमी हो गयी, इसके बाद भी सब इंस्पेक्टर जय शर्मा चुप नहीं हुए और अपना दम दिखाते हुए जितना हो सका, भाजपा नेता को परिवार के सामने ही अपमानित किया गया। आपको बता दें कि भाजपा नेता के साथ उनका छोटा भाई भी मौजूद था। भाजपा नेता के अपमान की वीडियो जब सोशल मीडिया पर चली तो भाजपा कार्यकर्ता राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल के पास गुहार लगाने पहुंचे। मगर समाचार लिखे जाने तक सिर्फ फोन पर ही बात चल रही थी और सब इंस्पेक्टर जय शर्मा का कुछ नहीं बिगड़ पाया था। हर बार की तरह इस बार भी कार्यकर्ताओं को निराश होकर वापस लौटना पड़ा।



## भाजपा नेताओं का क्या, आये दिन हर चौराहे पर हजारों गरीबों का होता है हैलमेट के नाम पर अपमान

मुजफ्फरनगर। आज जिस तरह से भाजपा के नेता आशीष सागर को भरे चौराहे पर परिवार के बीच अपमानित किया गया है, ऐसा नजारा पिछले कई वर्षों से रोजाना हजारों लोगों के साथ हर चौराहे पर देखने को मिलता है मगर सत्ताधारियों को बीस-बीस बार भी यह बात बताने के बाद कानों पर जूं तक नहीं रेंगती। इस शहर से हैलमेट की चैकिंग के नाम पर जितनी वसूली होती है, शायद ही किसी शहर में होती दिखाई दे। यहां तक कि ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब लोगों ने अपने आए दिन हैलमेट के नाम पर हो रहे अपमान के कारण शहर की ओर खरीदारी के लिए रुख करना ही छोड़ दिया। बड़ी बात यह है कि जो व्यक्ति हैलमेट पहनकर चौराहों से गुजर रहा होता है, सबसे पहले हरेक चौराहे पर पुलिस उसी का अपमान करने के साथ-साथ अन्य दस कमियां निकालकर उसका चालान काटती है और शहरी क्षेत्रों में व्यापारियों से बात की जाए तो वे खुलकर बता देंगे कि उनके पास इसी कारण व्यापार आधा रह चुका है कि हरेक चौराहे पर शिकार की तरह ग्रामीणों को निशाना बनाया जाता है और उन्होंने शहरी दुकानों से खरीदारी करना लगभग बंद कर दिया है। बावजूद इन सबके आज तक किसी सत्ताधारी में इतना दम तक नहीं हुआ कि वे इस पर लगाम लगा सके।

## 2027 में नेता लाओगे दमदार, तभी हो सकेगा आमजन का उद्धार

**मुजफ्फरनगर।** यह बात कड़वी है मगर पूरी तरह सच है। जब तक भाजपा कार्यकर्ताओं के अपमान का तमाशा यूं ही देखती रहेगी और नेता हमेशा कार्यकर्ताओं को संयम, अनुशासन की घुट्टी पिलाते रहेंगे, तब तक इसी तरह से कार्यकर्ताओं का अपमान होता रहेगा। यह बात तय है कि यदि 2017 में भी पूरे जिले से विधानसभा के लिए कमजोर नेता ही उतारे गए तो इस बार भाजपा का उद्धार होना नामूमकिन है। हर बार चिकनी चुपड़ी बातें करके भाजपाई सिर्फ कार्यकर्ताओं को ही नहीं आमजन को लुभाने का काम करते हैं और उनके लोक लुभावने वादों में एक नहीं कई कई बार जनता आ भी जाती है मगर उसके बाद अपने को ठगा सा महसूस करती है। सिर्फ भाजपा कार्यकर्ताओं के अपमान की ही नहीं आम आदमी को भी दस साल की सत्ता में सिर्फ योगी-मोदी के दम पर ही जो कुछ मिला है सो मिला है, स्थानीय नेताओं के दम पर तो खोखली सड़कें बेबुनियादी बातों के अलावा कुछ हासिल नहीं हो सका। पिछले दस वर्षों में भाजपा के कम से कम दस नेता कभी चौराहे तो कभी थानों के अंदर तो कभी सरकारी दफ्तरों में खुलकर अपमानित होते दिखाई दिये हैं। मगर वही ढाक के तीन पात, समझौते के बाद सब कुछ गोल-मोल। ऐसे में भाजपाईयों को हर हाल में 2027 में ऐसे ही नेताओं का चयन करना होगा, जिनमें खुद का दम हो नहीं तो पांच विधानसभा सीटें एक और सांसदी गवां चुकी भाजपा अपने अंतिम पायदान पर होगी।

# सिविल इंजीनियर ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**मुजफ्फरनगर, 15 मई (बु.)।** गुरूवार सुबह रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के आगे कूदकर सिविल इंजीनियर ने आत्महत्या कर ली। उसकी जेब से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने अपने रूम पार्टनर पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। जीआरपी ने सुसाइड नोट को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। हादसे से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।



## पुलिस को पर्स से मिला सुसाइड नोट, रूम पार्टनर पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के आदर्श कॉलोनी निवासी उदित कुमार (30 वर्षीय) दिल्ली की एक कंपनी में सिविल इंजीनियर था। पिछले दो माह से उसकी नौकरी छूटी हुई थी। वर्तमान में वह नोएडा में रहकर जॉब की तलाश कर रहा था। वह अक्सर शालीमार एक्सप्रेस से आता व जाता था। गुरूवार को भी वह घर से स्टेशन जाने के लिए निकला था। जीआरपी थाना प्रभारी संदीप कुमार ने गुरूवार को शालीमार एक्सप्रेस से एक युवक के कटने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त के लिए उसकी जेब की तलाशी कराई, तो उसकी जेब से एक सुसाइड नोट मिला है। जेब से मिले अन्य दस्तावेज के आधार पर उसकी शिनाख्त के लिए परिजनों को बुलाया गया। परिजनों ने शिनाख्त उदित कुमार के रूप में की। मृतक की जेब से मिले सुसाइड नोट में उसने अपने रूम पार्टनर पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। उसके लैपटॉप को लेकर अपने रूम पार्टनर से विवाद हो गया था। सुसाइड नोट को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। जीआरपी थाना प्रभारी का कहना कि सुसाइड नोट की जांच की जा रही है। परिजनों की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। अभी परिजन थाने पर नहीं पहुंचे थे। मृतक के मामा चंद्र प्रकाश लाटियान ने बताया कि उदित दिल्ली जाने के लिए गुरुवार सुबह घर से निकला था। हादसे से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। हादसे के बाद ट्रेन 5 मिनट तक स्टेशन पर ही खड़ी रही।

# टशनबाजी में छात्र को गोली मारी

## हमलावरों ने छात्र को गोली मारने से पहले पचैंडा रोड पर भी उत्पात मचाया


**मुजफ्फरनगर, 15 मई (बु.)।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला बचन सिंह कॉलोनी में टशनबाजी के चलते हमलावरों ने अपने घर के बाहर खड़े छात्र को गोली मार दी। गोली छात्र के सीने में लगने से वह सड़क पर नीचे गिर गया। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग व परिजन मौके पर पहुंचे। मामले की जानकारी पुलिस को दी गयी। हमलावरों ने छात्र को गोली मारने से पहले पचैंडा रोड पर भी जमकर उत्पात मचाया। इतना ही नहीं आरोपियों ने एक युवक से मारपीट भी की, वहीं एक दुकानदार को तमंचा दिखाकर आतंकित किया। पुलिस ने दो हमलावरों को दबोच लिया है। मौहल्ला बचन सिंह कॉलोनी निवासी यश शर्मा बीबीए का छात्र है। छात्र का गुरूवार को एलेक्स उर्फ वतन बालियान से किसी बात के चलते विवाद हो गया था। रात्रि में लगभग साढ़े 12 बजे छात्र के दोस्त का फोन आया कि उसका एक्सीडेंट हो गया है। वह उसे देखने के लिए घर के बाहर खड़ा होकर अपने अन्य साथी को इंतजार कर रहा था। इस पर दो बाइकों पर सवार होकर 6 युवक मौके पर पहुंचे और छात्र को देखकर उसके साथ गाली गलौच कर गोली मार दी। गोली छात्र को सीने में जा लगी। गोली की आवाज सुनकर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को मामले की जानकारी दी। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया, जहां से उसे रैफर कर दिया। बताया जाता है कि कि हमलवारों ने छात्र को गोली मारने से पहले पचैंडा रोड पर वाहनों को दौड़ाते हुए जमकर उत्पात मचाया था। उन्होंने एक युवक से रास्ते में मारपीट की, जबकि एक व्यक्ति को नाले में धक्का देकर गिरा दिया। आरोपियों ने एक दुकान पर पहुंचकर तमंचा दिखाकर उसे आतंकित भी किया था। थाना प्रभारी दिनेश चंद बघेल ने बताया कि छात्र की मां की तहरीर पर अमन निवासी भोकरहेड़ी, एलेक्स उर्फ वतन बालियान, अर्जुन निवासी कूकड़ा, हर्षित निवासी बसेड़ा व कुणाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। आरोपी अर्जुन व कुणाल को पकड़ लिया गया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है।





# हाइवे के होटलों पर चैकिंग, खूब मिली खामियां

**मुजफ्फरनगर, 15 मई (बु.)।** नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप के नेतृत्व में आज हाइवे पर स्थित होटलों पर चैकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम को कई अनियमितताएं मिली। नगर मजिस्ट्रेट ने बताया कि उन्होंने होटल रॉयल-9 में चैकिंग की तो न तो होटल का कोई रजिस्ट्रेशन मिला और न ही आग बुझाने से सम्बंधित कोई उपकरण। उन्होंने बताया कि यह नियमित चैकिंग थी और इस तरह की चैकिंग लगातार चलती रहेंगी। उन्होंने कहा कि सरकार के मानक के अनुरूप यदि होटल संचालित नहीं किये जाएंगे तो हर हाल में उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी, क्योंकि कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो जाती है तो उसका सारा दोष प्रशासन को ही दोषी ठहराया जाता है। इतने बड़े होटल में फायर सर्विस का न हो पाना अपने आपमें घोर लापरवाही है। ऐसी लापरवाही से किसी अप्रिय घटना के दौरान जान जा सकती है। इसी क्रम में यह अभियान लगातार अन्य होटलों में भी चलाया गया और इसे आगे भी निरंतर चलाए जाने की बात नगर मजिस्ट्रेट ने कही।






## बलूचिस्तान आर्मी की बगावत: 'हम पाक को बर्बाद कर देंगे'

**नई दिल्ली, 15 मई (एजेंसी)।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में विद्रोह की चिंगारी के संकेत मिल रहे हैं। बलूचिस्तान की सेना ने कहा, 'हम एक ऐसा इतिहास रचने जा रहे हैं जिसे पूरी दुनिया देखेगी। हम पाकिस्तान को बर्बाद कर देंगे।' बलूचिस्तान आर्मी का यह बयान इस मायने में अहम है, क्योंकि एक दिन पहले एक कद्दावर बलूच नेता ने आजादी का आह्वान किया था। बलूचिस्तान और पाकिस्तान का टकराव लगातार सुर्खियों में है। एक दिन पहले बलूचिस्तान नेता ने आजादी का एलान किया, अब बलूचिस्तान की सेना ने एक्स हैंडल पर पाकिस्तान को खत्म करने की बात कही है।

## कश्मीर: सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन आतंकवादी ढ़ेर

**श्रीनगर 15 मई (वार्ता)** जम्मू -कश्मीर के दक्षिणी हिस्से में अवंतीपोरा में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गये हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने आज यहां बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद नादेर, त्राल इलाके में घेराबंदी की गयी और तलाशी अभियान शुरू किया गया जिसके बीच तड़के मुठभेड़ शुरू हुई । मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए। हालांकि तीनों की पहचान अभी तक नहीं हो पायी है और न ही यह जानकारी मिल पायी है कि वे किस आतंकवादी संगठन से जुड़े है। तलाशी अभियान अभी जारी है। मंगलवार के बाद से दक्षिण कश्मीर में सुरक्षाबलों और आतंकवादियो के बीच हुई यह दूसरी मुठभेड़ है। गौरतलब है कि 13 मई को शोपियां जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के तीन स्थानीय आतंकवादी मारे गए थे। मारे गए आतंकवादियों में लश्कर का स्थानीय कमांडर शाहिद कुट्टे भी शामिल था।

## वक्फ संशोधन अधिनियम मामले पर सुप्रीम कोर्ट अब 20 मई को करेगा सुनवाई

**नयी दिल्ली, 15 मई (वार्ता)** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 की संवैधानिकता के सवालों को लेकर दायर विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई 20 मई के लिए स्थगित कर दी। इस दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायालय को भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार संशोधित वक्फ कानून के तहत तब तक कोई कदम नहीं उठायेगी जब तक कि इस मामले में विस्तृत रूप से सुनवाई नहीं हो जाती है। यह मामला अब नये मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मशीह की पीठ के समक्ष है। न्यायमूर्ति गवई ने इस मामले को सुनवाई के लिए अगले गुरुवार को रखने का निर्देश दिया। उन्होंने जरूरत पड़ने पर उससे पहले भी न्यायालय की ओर से हस्तक्षेप किए जाने की संभावना का संकेत देते हुए कहा, ''काई अधिकारी उससे पहले कुछ करने का प्रयास करता है तो हम यहां बैठे हैं।''

## कर्नल सोफिया मामले में मंत्री को अंतरिम राहत देने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार, कल करेगा सुनवाई

**नयी दिल्ली, 15 मई (वार्ता)** उच्चतम न्यायालय भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ मंत्री कुंवर विजय शाह की ओर से की गई 'अपमानजनक' टिप्पणियों के मामले मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के निर्देश के खिलाफ रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर अंतरिम राहत देने से इनकार करते हुए उस पर शक्रवार को सुनवाई करेगा।







## 18 मई तक रहेगा सीजफायर, युद्धविराम पर पाकिस्तान का नया बयान

नई दिल्ली, 15 मई (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान ने नया बयान जारी करते हुए कहा है कि दोनों देशों के बीच 18 मई तक सीजफायर पर सहमति बनी है। यह अस्थायी युद्धविराम नियंत्रण रेखा पर जारी गोलीबारी को रोकने के उद्देश्य से लागू किया गया है। हालांकि भारत की ओर से इस पर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से जारी तनाव के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। भारत की कार्रवाई से डरपोक पाकिस्तान की ओर से कहा गया है भारत से रविवार यानी 18 मई तक सीजफायर पर सहमति बनी है। ट्रंप के सीजफायर वाले ऐलान से पहले बीते कुछ हफ्तों से नियंत्रण रेखा पर लगातार हो रही गोलीबारी और ड्रोन हमलों के बीच यह सीजफायर फैसला एक अस्थायी राहत की तरह देखा जा रहा है। हालांकि अभी तक भारत की ओर से इस सहमति पर औपचारिक पुष्टि नहीं की गई है।

## 6 किलो गांजा के साथ पकड़ा

मुजफ्फरनगर, 15 मई (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव बुड़ीना खुर्द -जगाहेड़ी मार्ग पर तितावी पुलिस ने थाना क्षेत्र व अन्य स्थानों पर गांजे की तस्करी करने वाले बुड़ीना खुर्द निवासी खुर्शीद को 6 किलो गांजा के साथ पकड़ लिया। इस मामले में तितावी थानाध्यक्ष डॉ. मानवेन्द्र सिंह भाटी का कहना है कि आरोपी काफी समय से गांजे की तस्करी का कार्य कर रहा था, जिसे करीब 6 किलो गांजा के साथ पकड़ कर जेल भेज दिया। बरामद किए गए गांजे की कीमत करीब 1 लाख रुपए है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है।

## दो आरोपियों को 5-5 वर्ष की सजा व 18 हजार का अर्थदण्ड

तितावी/मुजफ्फरनगर, 15 मई (बु.)। जानलेवा हमले के मामले में कोर्ट ने दो आरोपियों को पांच-पांच साल की सजा व प्रत्येक पर 18 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। एडीजीसी अमित त्यागी ने बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रामपुरी में पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी विकास व विक्की ने 23 अप्रैल 2011 को मौहल्ले के विक्रम सिंह के मकान में घुसकर लाठियों से हमला कर दिया था। हमले में विक्रम सिंह व उसके दो बेटे प्रवीण वर्मा व अरुण कुमार घायल हो गए थे। मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाधीश निशांत सिंगला की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने दोनों आरोपी विकास व विक्की को पांच-पांच साल की सजा व प्रत्येक पर 18 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है।

## प्रेम-प्रसंग में शादी का झांसा देकर युवती से 30 हजार की ठगी

मुजफ्फरनगर, 15 मई (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव साल्हाखेड़ी निवासी एक युवती की कुछ समय पूर्व मेट्रीमनी साइट ऐप जीवनसाथी पर किसी अज्ञात युवक से जान पहचान हो गयी। उसके बाद दोनों एक-दूसरे से फोन पर बात करने लगे। आरोपी युवक ने युवती के सामने शादी करने का प्रस्ताव रखा जिसके लिए दोनों सहमत भी हो गए। इसी बीच उक्त युवक ने युवती को विश्वास में लेकर युवती से कुछ प्राइवेट फोटो और वीडियो भी ले ली। युवती का आरोप है कि उसके बाद युवती से आरोपी युवक ने कुछ परेशानी बताकर दो बार में 30 हजार रुपये ऑनलाइन अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। उसके बाद कुछ और रुपयों की और मांग की गयी। जब युवती को इस बार आरोपी युवक पर शक हुआ, तो युवती ने पैसे देने से मना कर दिया, जिसके बाद आरोपी ने पीड़िता को धमकी देनी शुरू कर दी। युवती का आरोप है कि आरोपी युवक ने कहा कि अगर पैसे नहीं भेजे, तो वह उसके फोटो व वीडियो वायरल कर देगा। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ तितावी थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। युवती की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बलरामपुर में ट्रक-कार में भिड़ंत, 5 मरे आठ घायल

बलरामपुर, 15 मई (वार्ता) उत्तर प्रदेश में बलरामपुर जिले के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के चकवा चौकी के पास गुरुवार देर रात हुई भीषण सड़क दुर्घटना में बारात से लौट रहें एक ही परिवार के पांच लोगो की मौके पर मृत्यु हो गई जबकि आठ अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों के अनुसार इटियाथोक थाना क्षेत्र के कस्बा से पिंटू कुमार अपने परिवार संग कार से श्रावस्ती जिले के भालुहिया वीरपुर गांव में बहन के यहां शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहा था कि रास्ते में बलरामपुर जिले की देहात कोतवाली इलाके की चकवा पुलिस चौकी के पास पहुंचते ही सामने से आ रहें बेकाबू ट्रक की तेज रफ्तार कार से जोरदार भिड़ंत हों गयी। उन्होंने बताया कि इस हादसे में अजय कुमार (35), फूल बाबू (35), विजय कुमार (40), शिवकुमार (22) और मासूम आदित्य (8) ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि अन्य आठ लोग घायल हो गये। सभी शवों को क्षतिग्रस्त कार से निकलवाकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया है।

# ट्रांसपोर्ट पर जीएसटी की बड़ी कार्रवाई, वसूले 4.62 लाख

### 12,87, 117 रुपये के माल को किया अधिग्रहित, खंगाला जा रहा दस्तावेजों का रिकार्ड




मुजफ्फरनगर, 15 मई (बु.)। स्टेट जीएसटी विभाग ने जनपद में ट्रांसपोर्ट के माध्यम से हो रही जीएसटी चोरी की बड़ी चेन पकड़ी है। इस कार्रवाई की शुरूआत में बीती रात्रि रामपुरी स्थित प्रतीक गुड्स कैरियर पर जीएसटी विभाग अधिकारियों ने टीम के साथ छापेमारी की। टीम की छापेमारी के बाद हुई जांच के दौरान यहां सप्लायरों के माध्यम से पहुंच रहे माल के लेनेदेन में अधिकारियों को बड़ी विसंगतियां यहां पकड़ में आई। इस बीच टीम की ओर से हुई कार्रवाई में 12.87, 117 रुपये का माल जब्त किया गया। इसके साथ जीएसटी चोरी मिलने पर 4.62 लाख रुपए का मौके पर चालान बनाकर अर्थदंड जमा कराया गया। देर रात्रि शुरू हुई जांच पड़ताल में गुरूवार को भी क्षेत्र में हड़कंप मचा रहा।
बुधवार देर रात्रि रुड़की रोड पर संचालित ट्रांसपोर्ट पर स्टेट जीएसटी विभाग के ज्वाइंट कमिश्नर सिद्धेश दीक्षित के नेतृत्व में ट्रांसपोर्ट से हो रहे व्यापार की जांच के लिए टीम गठित की गई। इस दौरान विभाग के डिप्टी कमिश्नर मनोज शुक्ल ने टीम के साथ रामपुरी स्थित प्रतीक गुड्स कैरियर कंपनी पर छापेमारी की। टीम ने कई घंटे तक यहां पर मिले माल के बिलों और अन्य लेखे-जोखे के दस्तावेजों की जांच की। टीम ने इस दौरान यहां ट्रांसपोर्ट पर पहुंचने वाले माल के साथ वहां से पार्टी को भेजे जाने वाले माल के लेन-देन में बड़ी विसंगतियां पकड़ी। टीम ने इस दौरान सामान की सूची जब्त करने के साथ अन्य ट्रांसपोर्ट तक पहुंचने में सुविधा के चलते अन्य दस्तावेज अपने कब्जे में ले लिए, ताकि अन्य स्थानों पर विभाग जांच को पहुंचने में आसानी होगी। ज्वाइंट कमिश्नर सिद्धेश दीक्षित ने बताया कि टीम को कई घंटे की जांच में यहां बड़ी गड़बड़ियां मिली है, जिसके आधार पर टीम ने 12,87, 117 रुपये के माल को अभिग्रहित करने के साथ ही अर्थदंड मद में चार लाख 62 हजार रुपये की चालान कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि जिले में संचालित ट्रांसपार्ट के माध्यम से व्यापारियों के पास पहुंचने वाले माल में बड़ी जीएसटी चोरी की जानकारी मिली है। रोड ट्रांसपोर्ट के साथ रेल ट्रांसपोर्ट पर विभाग की नजर है, ताकि जीएसटी चोरी रोकने के साथ राजस्व में वृद्धि हो।

## दर्दनाक हादसा : हरदोई में ट्रक ने मारी ऑटो में टक्कर, 7 मरे, 2 घायल

हरदोई, 15 मई (एजेंसी)। यूपी के हरदोई जिले में गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में सात लोगों की जान चली गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा कासिमपुर थाना क्षेत्र के संडीला-बांगरमऊ मार्ग पर हुआ, जहां तेज रफ्तार ट्रक ने एक ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि ऑटो नौ सवारियों को लेकर संडीला की ओर जा रहा था। हरदलमऊ गांव के पास ट्रक ने ऑटो को इतनी तेज टक्कर मारी कि उसकी छत उड़ गई और सवारियां 8-10 फीट दूर जा गिरीं। हादसे में सात लोगों की जान चली गई, जबकि दो घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ट्रक चालक की तलाश की जा रही है। हादसे में जान गंवाने वाले लोग-

- रंजीत (27) ऑटो चालक, निवासी बाजरखेड़ा, कासिमपुर
- निसार (35) निवासी बनवा, कछौना
- रविंद्र (19) पुत्र नंदराम, निवासी मलहनखेड़ा, थाना कासिमपुर
- अंकित (20) पुत्र राम सिंह, निवासी बहदिन, थाना कछौना
- बिटान उर्फ पिंकी (30) पत्नी रोहित, निवासी धतीगढ़ा, थाना कासिमपुर
- अयाज (3) पुत्र सिराज, निवासी बेहटा मुजावर, जनपद उन्नाव
- फूलजहां (28) पत्नी सिराज, निवासी बेहटा, मुजावर, जनपद उन्नाव

# कलेक्ट्रेट में नए जिलाधिकारी कार्यालय की निर्माण प्रक्रिया हुई शुरू

- जिलाधिकारी संग अधिकारियों ने किया निरीक्षण, किया मंथन
- लोक निर्माण विभाग ने शुरू की नाप-तौल, जल्द होगा निर्माण



मुजफ्फरनगर, 15 मई (बु.)। जिलाधिकारी कार्यालय को जल्द ही खुद का कार्यालय मिलने की कवायद तेज हो गई है। लंबे समय से उधार के दफ्तर में जन सुनवाई कर रहे जिलाधिकारी को नया रूप देने की खातिर गुरुवार को यहां निर्माण कार्य शुरू किए जाने की दिशा में नाप तौल होने लगी है। जिला प्रशासन की ओर से पूर्व में शासन को भेजे प्रस्ताव के बाद जिला मुख्यालय पर नया जिलाधिकारी कार्यालय बनवाने के लिए करीब सवा दो करोड़ रुपये का बजट जारी हो चुका है। गुरूवार को इसके लिए लोक निर्माण विभाग कार्यदायी संस्था नामित होने के चलते विभाग को बजट की धनराशि उपलब्ध करा दिए जाने के बाद निर्माण कार्य शुरू कराने की तैयारी है। मुख्यालय पर स्थित कलेक्ट्रेट करीब दो सौ साल पुराना इतिहास समेटे हुए है। अंग्रेजी शासन काल में ही यहां पर कलेक्टर कार्यालय बन गया था। वो ही यहां चल रहा था। इसी बीच 27 अगस्त 2023 को जिलाधिकारी के उक्त कार्यालय के बराबर में बने हुए विश्राम गृह की छत अचानक से भरभरा कर गिर पड़ी थी। इसके बाद से डीएम और इसके बराबर में चलाये जाने वाले एडीएम वित्त के कार्यालय को बंद कर दिया गया था। भवन की स्थिति को लेकर तकनीक विशेषज्ञ से जांच कराई गई तो इसको जर्जर बताने के बाद पूरा भवन 26 अक्टूबर 2023 को ध्वस्त करा दिया गया था। इसके बाद ही जिलाधिकारी व एडीएम वित्त अस्थाई दफ्तरों में कार्य करते आ रहे हैं। शासन द्वारा मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट में पुराने स्थान पर नया जिलाधिकारी कार्यालय बनवाने के लिए बजट मंजूर कर धनराशि जारी कर दी है। प्रभारी अधिकारी नजारत सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप ने बताया कि लोक निर्माण विभाग के एस्टीमेट के आधार पर शासन को प्रस्ताव भेजकर बजट की राशि जारी करने के लिए कहा था। 29 मार्च को उत्तर प्रदेश के राजस्व विभाग के सचिव ने यह बजट स्वीकृत करते हुए धनराशि जारी कर दी है। शासन ने नया कार्यालय बनवाने के लिए लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खण्ड को कार्यदायी संस्था नामित किया है और स्वीकृत बजट के अनुसार 2 करोड़ 24 लाख 57 हजार रुपये की राशि हस्तांतरित कर दी गई है। अब इसका निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। नक्शे के तहत भू-तल पर डीएम कार्यालय के साथ आगन्तुक कक्ष और स्टाफ रूम के साथ शौचालय, विश्राम कक्ष व रसोई का निर्माण किया जायेगा। इसके ऊपर भवन के प्रथम तल पर एडीएम वित्त के लिए इसी तर्ज पर कार्यालय का निर्माण किया जायेगा।

# 11 जून को शुकतीर्थ स्थित संत शिरोमणि सतगुरू रविदास मंदिर में पधारेंगे सीएम योगी : कपिल देव




मुजफ्फरनगर, 15 मई (बुस.)। प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री एवं मुजफ्फरनगर के नगर विधायक कपिल देव अग्रवाल ने कल (बुधवार) राजधानी लखनऊ में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उनके साथ अखिल भारतीय संत शिरोमणि सतगुरु रविदास मंदिर, शुक्रताल (मुजफ्फरनगर) के पीठाधीश्वर महंत श्री गोरधनदास जी महाराज भी उपस्थित रहे। भेंट के दौरान मंत्री कपिल देव एवं महंत श्री गोरधनदास जी महाराज ने मुख्यमंत्री योगी जी को आगामी 11 जून 2025 को शुक्रताल स्थित संत शिरोमणि सतगुरु रविदास मंदिर में आयोजित होने वाले विशाल संत समागम एवं सत्संग कार्यक्रम का औपचारिक निमंत्रण प्रदान किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम सामाजिक समरसता, आध्यात्मिक जागरण एवं संत परंपरा के गौरवशाली विचारों के प्रचार-प्रसार हेतु एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिसमें देशभर से लाखों संत-महात्मा, भक्तजन एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में सम्मिलित होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा कि संत परंपरा और आध्यात्मिक आयोजनों का समाज निर्माण में विशेष महत्व है। उन्होंने आयोजन की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं भी प्रेषित की और यहाँ आगमन की स्वीकृति प्रदान की है। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को मंदिर परिसर में चल रहे विकास कार्यों एवं जनसहयोग से हो रहे आध्यात्मिक-सामाजिक प्रयासों की भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने मंदिर की गतिविधियों की सराहना करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। मंत्री कपिल देव ने बताया कि यह भेंटवार्ता समरस समाज और संत परंपरा की सशक्त अभिव्यक्ति रही। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति के प्रबल समर्थक और संवाहक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के यहाँ आगमन से न केवल धार्मिक आस्था को बल मिलेगा बल्कि सामाजिक समरसता को भी एक नई दिशा प्राप्त होगी।



## वांछित चल रहा आरोपी देसी बंदूक के साथ गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 15 मई (बु.)। जानलेवा हमले में वांछित चल रहे आरोपी को देसी बंदूक के साथ थाना सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है। इसके अलावा दो अन्य आरोपियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सिविल लाइन आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि कुछ दिन पूर्व मौहल्ला जनकपुरी में एक युवक के घर पर बाइक सवारों ने फायरिंग की थी। फायरिंग में परिवार के लोग बाल-बाल बच गए थे। इस मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी अभिषेक उर्फ काला निवासी दौलतपुर थाना-सिखेड़ा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से एक देसी बंदूक बरामद की है। आरोपी के एक साथी अदनान को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। इसके अलावा थाना सिविल लाइन पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में वांछित चल रहे आरोपी नासिर खान निवासी तल्हेड़ी चुंगी देवबंद से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सागर निवासी वाल्मीकि बस्ती रामपुरी को चाकू समेत माल रोड से गिरफ्तार कर दोनों का चालान कर दिया।

## दरभंगा में राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज



पटना, 15 मई (एजेंसी)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी गुरुवार को बिहार के दरभंगा दौरे पर पहुंचे थे। यहां उन्होंने कार्यक्रम करने की अनुमति नहीं दी। इसके बावजूद राहुल आंबेडकर छात्रावास पहुंचे और छात्रों से बात की। वहीं, अब जानकारी सामने आ रही है कि दरभंगा जिला प्रशासन ने उनके खिलाफ इठर की धारा 163 के उल्लंघन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इस बात की जानकारी खुद राहुल गांधी ने मीडिया से बात करते हुए दी। वहीं, जब प्रभात खबर की टीम ने दरभंगा के एसएसपी को फोन किया, तो इस मामले को लेकर कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। लहेरियासराय थाना में लोकसभा के प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी, बीस नामजद सहित 100 लोगों के खिलाफ दो अलग-अलग मामला दर्ज किया गया है। सदर एसडीओ विकास कुमार व सदर एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक कुमार के आवेदन पर मामला दर्ज किया गया है। वहीं अंबेडकर छात्रावास में मजिस्ट्रेट रुप में तैनात प्रखंड कल्याण पदाधिकारी बहेड़ी खुर्शीद आलम के आवेदन पर मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला कल्याण पदाधिकारी के आवेदन पर बीएनएस धारा 163(144) उल्लंघन के मामले में राहुल गांधी, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह एमएलसी मदन बीस नामजद सहित एक सौ अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस द्वारा रोके जाने पर राहुल गांधी ने कहा कि बिहार पुलिस ने मुझे रोकने की कोशिश की, लेकिन वे मुझे रोक नहीं पाए, क्योंकि आपकी सत्ता मुझ पर नजर रख रही है। हमने पीएम नरेंद्र मोदी से कहा कि आपको जनगणना करानी होगी। आपके दबाव में पीएम नरेंद्र मोदी ने देश में जाति जनगणना की घोषणा की। आपके दबाव से डरकर उन्होंने संविधान को अपने माथे पर रख लिया, लेकिन उनकी सरकार लोकतंत्र, संविधान और अल्पसंख्यकों के खिलाफ है। यह आपकी नहीं, अडानी-अंबानी की सरकार है। मैं गारंटी देता हूं कि जैसे ही भारत और बिहार में हमारी सरकार बनेगी, और जो आप चाहते हैं वो सब लागू करेंगे।

# बिहार से दिल्ली जा रही स्लीपर बस में लगी भीषण आग, मां-बेटी सहित जिंदा जले पांच यात्री, कई लोग घायल

लखनऊ, 15 मई (एजेंसी)। बिहार के बेगूसराय से दिल्ली जा रही एक निजी स्लीपर बस में लखनऊ-रायबरेली रोड, मोहनलालगंज के ऊपर किसान पथ, लखनऊ में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। आग लगने के बाद भी यह बस करीब एक किलोमीटर तक दौड़ती रही। ड्राइवर और कंडक्टर तुरंत मौके से भाग निकले। बस में बैठे यात्रियों को पुलिस और आम लोगों की मदद से कांच को तोड़कर बाहर निकाला गया। दमकल की गाड़ियों ने करीब आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया, जब दमकलकर्मी बस के अंदर गए, तो वहां पांच लोगों के शव मिले। आग की लपटों से झुलसे यात्रियों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। मरने वालों में से एक छोड़कर बाकी चार की पहचान हो गई है। बस में करीब अस्सी यात्री थे। मरने वालों में दो बच्चे, दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल है। हादसे का समय सुबह पांच बजे के करीब का बताया जा रहा है। उस वक्त सभी लोग बस में सो रहे थे। एक पुरुष को छोड़कर बाकी यात्रियों की पहचान हो गई है। प्राप्त सूचनाओं के अनुसार आग लगने के बाद बस कुछ देर तक जलती हुई हालत में दौड़ती रही। ड्राइवर और कंडक्टर कांच तोड़कर निकल भागे। मुख्य गेट आग लगने की वजह से जाम हो गया, जो लोग दूसरे रास्तों से निकल पाए वो बच गए। सूचना के अनुसार हादसा पीजीआई कल्ली के पास से गुजर रहे किसान पथ पर हुआ। स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। बस से निकले लोगों ने बताया कि बस रोकने के बाद ड्राइवर और कंडक्टर, ड्राइवर की पास की खिड़की से कूदकर भाग गए। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया। पुलिस की जांच में सामने आया कि बस का इमरजेंसी गेट नहीं खुला, इस वजह से पीछे बैठे लोग बस में फंस गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग इतनी भीषण थी कि 1 किमी दूर तक आग की लपटें दिखाई दे रही थीं। बस कुछ दूर तक जलने के बाद भी दौड़ती रही। इस हादसे में मरे लोगों में लख्खी देवी पत्नी अशोक मेहता उम्र करीब (55), सोनी पुत्री अशोक महतो उम्र करीब (26) वर्ष देवराज पुत्र रामलाल उम्र करीब (3) वर्ष, साक्षी कुमारी पुत्री रामलाल उम्र करीब (2), एक अज्ञात पुरुष।



## मकान की बल्ली, छत व छज्जा गिरा, एक गंभीर घायल

मुजफ्फरनगर, 15 मई (बु.)। गांव सैदपुरा खुर्द निवासी कल्लू सैनी जो कि ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। गुरूवार की सुबह करीब आठ बजे कल्लू की पत्नी शर्मिष्ठा जंगल में गई हुई थी व लड़की आकांक्षा अपने पिता कल्लू के साथ बाहर सड़क पर खड़ी थी। उसी समय कमरे की ईंट बल्ली की छत और सीमेंट का झज्जा भरभराकर बरामदे की छत पर गिर गया, जिससे बरामदे की छत भी ऊपर के कमरे की छत के साथ गिर गई। उस समय कल्लू का बेटा अनमोल घर के अंदर ही अहाते में नल पर मुँह हाथ धो रहा था, जिसमें वो भी छत गिरते समय उसकी चपेट में आ गया, जिस कारण उसके पैर पर गम्भीर चोट आई। मलबे से निकालकर अनमोल को बाहर निकाला गया। छत गिरने की आवाज से आस पड़ोस में अफरा-तफरी मच गयी। घायल अनमोल को उपचार के लिए स्वास्थ केंद्र बघरा भर्ती कराया गया है।

# खाद्य विभाग ने आईसक्रीम फैक्ट्रियों की छापेमारी, 10 नमूने किए जब्त

मुजफ्फरनगर, 15 मई (बु.)। नगर क्षेत्र में इंदिरा कालोनी और कृष्णापुरी में चल रही आईसक्रीम फैक्ट्रियों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छापेमारी की है। मौके पर टीम को साफ सफाई की कमी मिली। इस दौरान आईसक्रीम की जांच के लिए 10 से ज्यादा नमूने जब्त किए हैं, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा, औषधि प्रशासन विभाग की सहायक आयुक्त अर्चना धीरान ने बताया कि गर्मी के चलते पेय पदार्थ में मिलावट के विरुद्ध विशेष अभियान शुरू कर दिया गया है। गुरूवार को खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी शिवकुमार मिश्र के नेतृत्व में टीम ने इंदिरा कालोनी स्थित मै. रियल क्वालिटी आइसक्रीम पर जांच की। इस दौरान आइसक्रीम मैंगो फ्लेवर, आइसक्रीम स्ट्रॉबेरी तथा औरेंज एमल्थन का नमूना जांच के लिए संग्रहित किया गया। उक्त प्रतिष्ठान को आइसक्रीम एवं आइसकैंडी बनाने में प्रयोग किए जा रहे पानी की जांच कराने तथा प्रतिष्ठान में साफ सफाई को ठीक करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा कृष्णापुरी स्थित मै. शुद्ध वैली आइसक्रीम से आइसक्रीम, मिल्क क्रीम व आइसकैंडी घोल का एक-एक नमूना जांच के लिए संग्रहित किया गया। वहीं प्रतिष्ठान में सफाई व्यवस्था बेहतर करने को निर्देशित किया। इस दौरान टीम ने कुल 6 नमूने संग्रहित कर साथ प्रयोगशाला लखनऊ को जांच हेतु प्रेषित किया गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विशाल चौधरी व मनोज कुमार आदि शामिल रहे।








## युवती का अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी को दस साल की सजा

मुजफ्फरनगर, 15 मई (बु.)। युवती का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को कोर्ट ने दस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही आरोपी पर आरोपी पर दस हजार रुपये का अर्थदण्ड भी लगाया है। मामले की सुनवाई पोक्सो कोर्ट में हुई थी। डीजीसी राजीव शर्मा व एडीजीसी विक्रांत राठी व दीपक गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि शामली थाना क्षेत्र के कांधला थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने 22 सितम्बर 2017 को थाने में तहरीर दी, जिसमें उसने बताया कि उसकी बेटी सुबह के लिए शौच के लिए गयी थी, पर वापस घर नहीं लौटी। उसने उसकी काफी तलाश भी की पर उसका कुछ पता नहीं चला। उसके बाद जानकारी मिली कि बेटी को कांधला थाना क्षेत्र के गांव डून्डूखेड़ा निवासी मुकेश अपहरण कर ले गया है और आरोपी ने जयपुर ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर युवती को बरामद करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की सुनवाई पोक्सो कोर्ट अलका भारती की कोर्ट में हुई। एडीजीसी विक्रांत राठी ने बताया कि घटना की सत्यता साबित करने के लिए 7 गवाह कोर्ट में पेश किए गए। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद आरोपी को दोषी मानते हुए दस साल की सजा व दस हजार रुपए का अर्थदण्ड लगाया है।

# दहेज हत्या के आरोपी पति को दस साल की सजा व 35 हजार रुपये का अर्थदण्ड

मुजफ्फरनगर, 15 मई (बु.)। अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर एफटीसी कोर्ट नम्बर-2 ने महिला की हत्या के मामले में आरोपी पति को दस साल की सजा व 35 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने महिला की सास को बरी कर दिया है। डीजीसी राजीव शर्मा व एडीजीसी अरुण कुमार जावला ने बताया कि सहारनपुर थाना क्षेत्र के बड़गांव थाना क्षेत्र के गांव शब्बीरपुर निवासी इंदर रस्तौगी ने वर्ष 2014 में अपनी बहन सारिका की शादी की शादी अंकुर जैन निवासी मौहल्ला छिंपीवाडा, मोतीमहल थाना शहर कोतवाली के साथ हिन्दू रीति रिवाज से की थी। शादी के बाद ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग के लिए उसकी बहन शालिनी का उत्पीड़न करने लगे। आरोप था कि 11 फरवरी 2018 को पति अंकुर जैन व सास रेखा जैन ने उसकी बहन की दम घोटकर हत्या कर दी। पुलिस ने मामले में पति व सास के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। उक्त मामले की सुनवाई एफटीसी कोर्ट नम्बर 2 की न्यायाधीश नेहा गर्ग की कोर्ट में चल रही थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात पति को दोषी मानते हुए दस साल की सजा व 35 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है, जबकि शालिनी की सास रेखा को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया।

## फैसले को लेकर बुलाई गयी पंचायत में चले लठ, एक घायल

मुजफ्फरनगर, 15 मई (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव भमेला में 6 मई को गांव के ही आशु और सूरज के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इसी विवाद को लेकर दोनों पक्षों में फैसले के लिए गांव में पंचायत बुलाई गई थी। पंचायत में उसी विवाद को लेकर दोनों पक्षों में गाली-गलौच शुरू हो गयी, जिसमें एक पक्ष ने पंचायत के बीच में ही आशु पर लाठी डंडों से जानलेवा हमला कर उसे घायल कर दिया। हमले के दौरान पंचायत में अफरा-तफरी का माहौल व्याप्त हो गया। हमले में घायल आशु के चाचा ने चार लोगों के खिलाफ तितावी थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है, जबकि घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। शुक्रवार को विवाद को सुलझाने के लिये गांव के लोगों ने दोनों पक्षों को पंचायत में बुलाया था। पंचायत में जब आशु पक्ष और सूरज पक्ष के लोग एक जगह बैठे थे, उसी दौरान दोनों पक्षों में गाली गलौच शुरू हो गयी। मौका पाकर सूरज पक्ष के विनय, अमन सिंह, जबर सिंह, सूरज ने आशु पर लाठी डंडों व धारधार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे आशु मौके पर बेहोश हो गया। हमले में पंचायत में शामिल लोगों में अफरा-तफरी मच गई। बेहोशी की हालत में मरा-समझकर हमलावर मौके से फरार हो गये। इस घटना की जानकारी ग्रामीणों ने तितावी पुलिस को दी। मौके पर तितावी पुलिस पहुंची और घायल आशु को बेहोशी की हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। इस मामले में घायल आशु के चाचा अमित ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी गयी है।

# विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर रामगोपाल यादव ने दिया विवादित बयान, कहा-वो ठाकुर नहीं, जाटव है

नई दिल्ली, 15 मई (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण माहौल के बीच अब देश की सुरक्षा से जुड़े अधिकारियों पर राजनीतिक बयानबाजी शुरू हो गई है। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद प्रो. रामगोपाल यादव ने सेना की महिला अधिकारियों को लेकर विवादास्पद बयान देते हुए उनकी जातीय पहचान सार्वजनिक की, जिससे राजनीतिक हलकों में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। रामगोपाल यादव ने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी को उनके धर्म के कारण अपमानित किया गया, जबकि विंग कमांडर व्योमिका सिंह को इसलिए कुछ नहीं कहा गया, क्योंकि उन्हें राजपूत समझा गया। इसके बाद उन्होंने यह भी जोड़ा कि लेकिन व्योमिका सिंह हरियाणा की जाटव (अनुसूचित जाति) समाज से हैं। रामगोपाल यादव के इस बयान को लेकर विरोध तेज हो गया है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि यह बयान न सिर्फ सैन्य अधिकारियों की गरिमा के विरुद्ध है, बल्कि जाति आधारित भेदभाव को बढ़ावा देने वाला भी है। सेना जैसी संस्थाओं में जाति या धर्म का उल्लेख करना संवैधानिक और नैतिक दृष्टि से भी अनुचित माना जाता है। इससे पहले भाजपा के एक मंत्री विजय शाह ने भी कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर बयान दिया था, जिसे लेकर विवाद खड़ा हुआ था। अब रामगोपाल यादव द्वारा व्योमिका सिंह पर की गई टिप्पणी ने एक नई बहस को जन्म दे दिया है। रामगोपाल यादव ने सरकार पर निशाना साधते हुए यह भी कहा कि पाकिस्तान से आ रहे आतंकियों को लेकर देश चिंतित है और ये लोग तिरंगा यात्रा निकाल रहे हैं। उन्होंने भाजपा का नाम लिए बिना आरोप लगाया कि कुछ लोग तिरंगे और देशभक्ति के नाम पर केवल चुनावी लाभ के लिए काम कर रहे हैं। अगर सच में राष्ट्रीय भावना है तो सभी राजनीतिक दलों को विश्वास में लेकर कोई कदम उठाना चाहिए। इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर भी तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। कई पूर्व सैन्य अधिकारियों और राजनीतिक नेताओं ने मांग की है कि सेना के जवानों और अधिकारियों को राजनीति से दूर रखा जाए और उनकी जाति या धर्म के आधार पर टिप्पणी न की जाए।



## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के चौदह सवालों से नए सीजेआई बीआर गवई का सामना

नई दिल्ली, 15 मई (एजेंसी)। जस्टिस भूषण रामकृष्णा गवई ने बतौर 52वें मुख्य न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली, लेकिन उनके शपथ लेते ही सबसे बड़ा सवाल उनके सामने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आएगा। दरअसल, राष्ट्रपति ने आर्टिकल 143(1) पर सुप्रीम कोर्ट की राय मांगी है। राष्ट्रपति ने पूछा है कि क्या सुप्रीम कोर्ट विधानसभाओं की ओर से पारित विधेयकों पर मंजूरी के लिए राज्यपाल और राष्ट्रपति के लिए समयसीमा तय कर सकता है। किसी बिल पर क्या राष्ट्रपति-राज्यपाल के लिए सुप्रीम कोर्ट फिक्स कर सकता है।

**डेडलाइन?**

कार्यपालिका के कुछ सदस्यों और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने हाल में सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की बेंच द्वारा पारित फैसले पर काफी नाराजगी जताई थी। इस बेंच की अध्यक्षता जस्टिस जेबी पारदीवाला कर रहे थे। चीफ जस्टिस गवई को अब राष्ट्रपति के 14 सवालों के जवाब देने के लिए अब एक संविधान पीठ का गठन करना होगा जिसमें कम से कम 5 जज होंगे।


**राष्ट्रपति ने शीर्ष कोर्ट से पूछे 14 सवाल**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट से पूछा है कि क्या वह राष्ट्रपति और राज्यपालों के लिए विधेयकों पर सहमति देने की समय सीमा तय कर सकता है? उन्होंने कोर्ट से इस बारे में 14 सवाल पूछे हैं। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल को एक फैसला दिया था। इसमें तमिलनाडु के राज्यपाल और राष्ट्रपति के लिए राज्य के विधेयकों पर फैसला लेने की समय सीमा तय की गई थी। राष्ट्रपति मुर्मू ने इसी फैसले पर सवाल उठाए हैं।

**राष्ट्रपति ने किया संविधान के अनुच्छेद 143(1) का जिक्र**

राष्ट्रपति ने पूछा है कि जब संविधान में ऐसी कोई समय सीमा नहीं है, तो सर्वोच्च अदालत ऐसा कैसे कर सकती है? केंद्र सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 143(1) का इस्तेमाल किया है। इसके तहत राष्ट्रपति सुप्रीम कोर्ट से कानूनी मामलों पर सलाह मांग सकती हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट से पूछा है कि क्या कोर्ट के पास ऐसा करने का अधिकार है?

# कतर के शाही परिवार ने ट्रंप को 400 मिलियन डॉलर का जेट उपहार में दिया




कतर, 15 मई (एजेंसी)। कतर के शाही परिवार ने डोनाल्ड ट्रंप को एक लग्जरी जेट उपहार में दिया है, जिसकी कीमत करीब 400 मिलियन डॉलर है। बोइंग 747-8 जंबो जेट को फ्लाइंग पैलेस बताया है और यह अमेरिकी सरकार को दिया गया अब तक का सबसे महंगा उपहार होने की संभावना है। विमान का नवीनीकरण प्रसिद्ध फ्रांसीसी विमान डिजाइनर अल्बर्टो पिंटो की देखरेख में किया गया था। विमान ने अपनी अत्याधुनिक सुविधाओं और सोने की परत चढ़ी अंदरूनी जगहों के लिए वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है। इसके इंटीरियर में 24 कैरेट सोने का इस्तेमाल किया गया है। हालांकि, इसके बाहरी हिस्से में सोने का इस्तेमाल नहीं किया गया है, क्योंकि यह एक नरम धातु है, जो विमान की सतहों पर इस्तेमाल के लिए उपयुक्त नहीं है। इसमें तीन बेडरूम, एक कॉन्फ्रेंस रूम और शानदार लाउंज शामिल हैं, जिन्हें उच्च गुणवत्ता वाली कीमती लकड़ी, शाही कालीन और अंतरराष्ट्रीय कलाकारों की कलाकृतियों से सजाया गया है। अंदर, नल, दरवाजे के हैंडल, सीट बेल्ट बकल, लैंपशेड, रसोई और बाथरूम के सामान और अन्य धातु के घटकों को सोने से शानदार ढंग से सजाया गया है। इस जहाज को अमेरिकी राष्ट्रपति के सरकारी जहाज के आधिकारिक विमान के रूप में संभावित उपयोग के लिए भी विचार किया जा रहा है, जिसके लिए इसमें और संशोधन और रक्षा परिवर्तन किए जाएंगे। यह आलीशान जहाज (सोने का महल) सिर्फ एक जहाज नहीं है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक, कानूनी और कूटनीतिक बहस का प्रतीक बन गया है।